प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 38 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान जारी।

2- वोट डालने को लेकर मतदाताओं के बीच उत्साह, ग्यारह बजे तक इक्कतीस प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट।

3- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की।

4- आज हो रहे मतदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और चार मंत्रियों समेत कई दिग्गजों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।

********************

झारखंड में विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण में हो रहे चुनाव के लिए कडी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। इस चरण में 12 जिलों के 38 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव हो रहा है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा जबकि नक्सल प्रभावित 31 बूथों में सुरक्षा कारणों से मतदान शाम 4 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, दिन के ग्यारह बजे तक 31 दशमलव तीन सात प्रतिशत मतदान हुआ है।

********************

हमारे रांची संवाददाता ने बताया कि जिले की खिजरी और सिल्ली विधानसभा सीटों के लिए शांतिपूर्वक मतदान जारी है। ग्यारह बजे तक सिल्ली में 37 दशमलव छह प्रतिशत जबकि खिजरी में 33 दशमलव चार प्रतिशत वोट पड़े हैं।

उधर धनबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर मतदान प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अधीक्षक हृदय पी. जनार्दनन ने बताया कि एक सौ दो सीएमपीएफ कंपनी के साथ अट्ठाईस क्यूआरटी की तैनाती की गयी है। धनबाद जिले में दिन के ग्यारह बजे तक 27 दशमलव नौ आठ प्रतिशत मतदान हुआ है।

********************

हमारे गिरिडीह संवाददाता ने बताया कि जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की प्रक्रिया जारी है। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने लोगों से वोट की अपील करते हुए बताया कि जो मतदाता शाम पांच बजे तक कतार में रहेंगे उन्हें पांच बजे के बाद भी मतदान करने का मौका मिलेगा।

गिरिडीह जिले में ग्यारह बजे तक 30 दशमलव सात छह प्रतिशत वोट पड़े हैं।

पाकुड़ के सभी आठ सौ तेरह मतदान केंद्रों पर भी शांतिपूर्वक वोट डाले जा रहे हैं। यहां 33 दशमलव चार दो प्रतिशत मतदान हुआ है।

********************

दूसरे चरण में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के साथ ही पहली बार मतदान कर रहे वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर बेहद खुश दिखे। रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में 87 वर्षीय मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद लोकतंत्र की मजबूती के लिए अन्य लोगों से भी वोट करने की अपील की।

उधर चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने के बाद एक दिव्यांग सोनू राय ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग सभी का दायित्व है।

इधर धनबाद में पहली बार मतदान करने के बाद रश्मि बेहद उत्साहित दिखीं। उन्होंने कहा कि धनबाद के विकास के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में दूसरे और अंतिम चरण के सभी मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने की अपील की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने युवाओं और महिलाओं सहित सभी मतदाताओं से कहा है कि वे अधिक से अधिक संख्या में वोट डालें।

इधर, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने मतदाताओं से वोट की अपील करते हुए कहा कि दूसरे चरण में पहले चरण की तुलना में अधिक मतदान होने की संभावना है।

********************

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने भी मतदाताओं से बिना किसी भय के वोट डालने की अपील की है।

********************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के ध्रुर्वा स्थित बूथ संख्या तीन सौ तिहत्तर पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस महोत्सव में बढचढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

********************

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और धनवार विधानसभा सीट से उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान श्री मरांडी ने सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील की। उधर दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद नलिन सोरेन ने भी वोट करने के बाद लोगों से मतदान की अपील की।

********************

बोकारो जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है। बोकारो से भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण और उनकी पत्नी ने मतदान किया। वहीं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह ने भी अपने–अपने मतदान केंद्रों पर वोट डाला।

********************

राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। अंतर–जिला सीमा को बंद कर दिया गया है। घुसपैठियों तथा असामाजिक तत्वों की जांच के लिए बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया है। वहीं, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया है।

********************

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के वेबकास्टिंग द्वारा की जा रही है।

********************

इस चरण में एक करोड़ 23 लाख से अधिक मतदाता पांच सौ 28 उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। उम्मीदवारों में 55 महिलाएं हैं। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और कल्पना सोरेन शामिल हैं। इसमें चार मंत्री इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडे सिंह और बेबी देवी भी चुनावी मैदान में हैं।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में चुनाव की घोषणा के बाद अब तक 200 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अब तक 90 मामले दर्ज किये गये हैं।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में सुबह और रात की ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। खूंटी का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव आठ डिग्री जबकि गुमला का नौ दशमलव पांच डिग्री और रांची का न्यूनतम तापमान दस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं लोहरदगा का न्यूनतम तापमान दस दशमलव चार डिग्री जबकि पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और गढ़वा का 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

********************

हॉकी में आज बिहार के राजगीर में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत का मुकाबला चीन से होगा। भारत ने कल सेमीफाइनल में जापान को दो गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने अपने सभी ग्रुप स्टेज मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम में झारखंड की कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

********समाप्त*********